an>

Title: Need to construct an underpass near railway crossing no. 201 in Karauli district, Rajasthan.

**डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर)** ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर के करौली जिले में हिण्डौन सिटी रेलवे स्टेशन पर ओवरब्रिज बनने के कारण हिण्डौन महवा फाटक संख्या 201 के बंद होने के कारण आ रही परेशानियों की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ।

करौली जिले में हिण्डौन सिटी में रेलवे स्टेशन पर ओवरब्रिज बनने के कारण हिण्डौन महवा फाटक संख्या 201 बंद कर रेलवे ओवरब्रिज बनाया गया है। जिसकी तकनीकी गलती के कारण शहर वर्धमान नगर सहित शहर की काफी कॉलोनियों के हज़ारों लोग धारा से अलग हो गए हैं। शहर जाने के लिए 5 कि.मी. का लम्बा चक्कर लगाना पड़ता है या फिर जान खतरे में डालकर रेलवे लाईन पैदल पार करनी पड़ती है। आपातकाल में मरीजों तथा विद्यार्थियों को स्कल, कॉलेज व अस्पताल आदि जाने में विशेष परेशानी हो रही है।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि हिण्डौन सिटी में रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के कारण बन्द किये गये फाटक संख्या 201 के पास जल्द से जल्द अण्डर पास का निर्माण कराया जाये जिससे हिण्डौन शहरवासियों को राहत मिल सके।